# हिंदी (मल्हार)

## अभ्यास प्रश्न-पत्र - 3

**(सत्र: 2026–2027)**

**(कक्षा – VI)**

**निर्धारित समय** : **2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक : 60**

### सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं — खंड 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ'।
2. सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर दीजिए।
3. जहाँ विकल्प दिए गए हैं, वहाँ निर्देशानुसार आवश्यक प्रश्न ही कीजिए।
4. प्रश्नों के अंक उनके साथ दिए गए हैं।

## खंड – क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[4]**

स्वच्छता केवल घर को साफ रखने का नाम नहीं है। विद्यालय, सड़क और आसपास के स्थानों को स्वच्छ रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। यदि कूड़ा इधर-उधर फेंका जाए, तो गंदगी फैलती है और अनेक बीमारियाँ जन्म ले सकती हैं। कूड़े को उचित स्थान पर डालना, पानी को गंदा न करना और अपने आसपास सफाई रखना छोटी-छोटी आदतें हैं, जो पूरे समाज को स्वस्थ और सुंदर बना सकती हैं।

(क) स्वच्छता का अर्थ केवल घर को साफ रखना क्यों नहीं है?
(ख) कूड़ा इधर-उधर फेंकने से क्या हानि हो सकती है?
(ग) स्वच्छता बनाए रखने की कोई दो अच्छी आदतें लिखिए।
(घ) छोटी-छोटी अच्छी आदतों से समाज पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[3]**

नन्हा-सा बीज मिट्टी में सोया,
धूप मिली तो धीरे-धीरे खोया।
अंकुर बनकर ऊपर आया,
पत्तों ने फिर रंग दिखाया।
मेहनत, धैर्य और पानी पाकर,
पौधा बढ़ा आकाश को छाकर।

(क) बीज कहाँ सोया था?
(ख) बीज से क्या बनकर ऊपर आया?
(ग) पौधे को बढ़ने में किन चीज़ों से सहायता मिली?

## खंड – ख (भाषा एवं व्याकरण)

**3. निम्नलिखित शब्दों में उचित योजक चिह्न लगाकर लिखिए।** **[4]**

(क) सुख और दुख → ________________ (ख) दिन और रात → ________________
(ग) छोटा और बड़ा → ________________ (घ) जीवन और मरण → ________________

**4. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन अर्थ लिखिए।** **[4]**

(क) कर — ________, ________, ________

(ख) कल — ________, ________, ________

(ग) फल — ________, ________, ________

(घ) पत्र — ________, ________, ________

**5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए।** **[4]**

(क) नया — ________

(ख) सुख — ________

(ग) आकाश — ________

(घ) वर्षा — ________

**6. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर उपयुक्त सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।** **[2]**

(क) रीना ने कहा कि रीना कल विद्यालय आएगी।

(ख) मोहन और सोहन मैदान गए। मोहन और सोहन वहाँ खेलेंगे।

**7. निम्नलिखित शब्दों से दो-दो नए शब्द बनाइए।** **[2]**

(क) जल — ________, ________

(ख) जन्म — ________, ________

## खंड – ग (पाठ्यपुस्तक)

**8. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए।** **[4]**

(i) 'हार की जीत' में सलतान को वापस उसके स्थान पर किसने बाँधा?

(क) बाबा भारती ने (ख) खड्गसिंह ने
(ग) दर्गादत्त ने (घ) गाँव के लोगों ने

(ii) 'मेरी माँ' में बिस्मिल की माता जी का सबसे बड़ा आदर्श क्या था?

(क) देश की सेवा करना (ख) कभी किसी के प्राण न लेना
(ग) कभी किसी से छल न करना (घ) सदा सच बोलना

(iii) 'पहली बूँद' में 'जलधर' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(क) जल को पीने वाला (ख) जल को धारण करने वाला
(ग) जल को बहाने वाला (घ) जल को रोकने वाला

(iv) 'गोल' पाठ में 1936 के बर्लिन ओलंपिक में भारतीय टीम को क्या मिला?

(क) रजत पदक (ख) कांस्य पदक
(ग) स्वर्ण पदक (घ) कोई पदक नहीं

**9. स्तंभ 'क' का स्तंभ 'ख' से सही मिलान कीजिए।** **[2]**

| स्तंभ – क | स्तंभ – ख |
|---|---|
| 1. 'गोल' | (क) सच्चे मित्र की पहचान |
| 2. 'हार की जीत' | (ख) मेजर ध्यानचंद का संस्मरण |
| 3. 'रहीम के दोहे' | (ग) बिस्मिल की आत्मकथा का अंश |
| 4. 'मेरी माँ' | (घ) बाबा भारती और सलतान की कहानी |

**10. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में दीजिए।** **[8]**

(क) 'मातृभूमि' कविता में 'लहर' और 'छहर' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ख) 'मातृभूमि' कविता की 'वह युद्ध-भूमि मेरी, वह बुद्ध-भूमि मेरी' पंक्तियों का अर्थ अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) 'गोल' पाठ में 'जैसे-जैसे' और 'वैसे-वैसे' किस प्रकार के शब्द-युग्म हैं? ऐसे दो शब्द-युग्म और लिखिए।

(घ) 'पहली बूँद' में 'फूट' शब्द के अलग-अलग अर्थों को दो वाक्यों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'हार की जीत' के अनुसार बाबा भारती की दिनचर्या कैसी रही होगी? पाठ के आधार पर लिखिए।

(च) 'रहीम के दोहे' में 'पानी' शब्द के तीन अर्थ कौन-कौन से हैं?

**11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में दीजिए।** **[4]**

(क) 'हार की जीत' कहानी का कोई दूसरा नाम आप क्या रखना चाहेंगे? अपने चुने हुए नाम का कारण भी लिखिए।

**अथवा**

(ख) 'मातृभूमि' कविता में कोयल और मलय पवन से जुड़े चित्रण को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

**12. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में दीजिए।** **[4]**

(क) 'पहली बूँद' कविता में वर्षा की पहली बूँद के आने से धरती में होने वाले परिवर्तनों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(ख) 'गोल' पाठ में बताए गए 'डाँडी' या 'गोथा' खेल के मुख्य नियमों को अपने शब्दों में लिखिए।

## खंड – घ (रचनात्मक लेखन)

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100–120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **[5]**

(क) मेरा प्रिय खेल

**संकेत-बिंदु :**

- खेल का नाम
- खेलने का समय
- उससे मिलने वाली सीख
- पसंद करने का कारण

**अथवा**

(ख) वर्षा के बाद का दृश्य

**संकेत-बिंदु :**

- पेड़-पौधे
- सड़कें
- आकाश
- वातावरण
- मन का आनंद

**14. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को खेलकूद की सामग्री बढ़ाने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।** **[5]**

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।** **[5]**

(क) एक ऐसा दिन जब मैंने किसी की सहायता की

**अथवा**

(ख) मेरी दिनचर्या